भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2398
जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 को दिया जाना है

**विचाराधीन कैदी और जल्द रिहाई के लिए उपाय**

**†2398. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन :**

**श्री तंगेला उदय श्रीनिवास :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तीन वर्ष, तीन से पाँच वर्ष तक और पाँच वर्ष से अधिक की अवधि के लिए जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों का श्रेणी-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) विचाराधीन कैदियों की लंबी हिरासत को कम करने के लिए क्या पहलें की गई हैं और इसके लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है ;

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान अंडरट्रायल रिव्यू कमेटियों द्वारा आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार और राज्य-वार और आंध्र प्रदेश के लिए काकीनाडा सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(घ) उक्त अवधि के दौरान अंडरट्रायल रिव्यू कमेटियों द्वारा कितने विचाराधीन कैदियों की रिहाई के लिए सिफारिश की गई और वास्तव में कितने कैदी रिहा किए गए ;

(ङ) हाल के न्यायिक निर्देशों के अंतर्गत जमानत संबंधी सुधारों को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(च) क्या पात्र विचाराधीन कैदियों की पहचान, निगरानी और समय पर रिहाई के लिए कोई प्रौद्योगिकी-आधारित प्रणाली अपनाई गई है और यदि हां, तो निधि और अंतर-एजेंसी समन्वय तंत्र सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) :** राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों (संघ राज्यक्षेत्रों) द्वारा उसे सूचित किए गए कारागार आंकड़ों का संकलन करता है और उन्हें अपने वार्षिक

प्रकाशन “प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया” में प्रकाशित करता है। वर्ष 2023 के नवीनतम प्रकाशित डाटा के अनुसार, 31.12.2023 तक देश की जेलों में तीन वर्ष, तीन से पांच वर्ष और पांच वर्ष से अधिक समय तक बंद विचारणाधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या संलग्न की गई है, जैसा कि **उपाबंध-क** (प्रवर्ग-वार) और **उपाबंध-ख** (राज्य-वार) में दिया गया है। ये डाटा राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की वेबसाइट https://www.ncrb.gov.in/ अपलोड/फाईल/पीएसआई-20231.पीडीएफ पर आसानी से उपलब्ध हैं।

(**ख**) **और** (**ग**) : भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची-2 की प्रविष्टि 4 के अधीन ‘कारागार और कैदी’ राज्य सूची का विषय है। अतः कारागारों और कैदियों के प्रशासन और प्रबंधन का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है। केंद्रीय सरकार भी इस संबंध में राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करती रही है।

निर्धन कैदियों, जो उन पर अधिरोपित किए गए जुर्माने का संदाय करने में असमर्थ हैं या वित्तीय मजबूरी के कारण जमानत प्राप्त करने में असमर्थ हैं, को वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार “निर्धन कैदियों को सहायता” नामक एक स्कीम कार्यान्वित कर रही है। स्कीम के कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और एसओपी में 1 लाख रुपए तक की जमानत सहायता, मामला प्रसंस्करण के लिए समय-सीमा विहित करने और निधि के प्रत्याहरण और उपयोग के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण का उपबंध है।

स्कीम के कार्यान्वयन के लिए, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने तीन वर्ष अर्थात् 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए 20 करोड़ रुपए का वार्षिक वित्तीय परिव्यय प्रदान किया था। 10.02.2026 तक, राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा 71,71,476/- रुपए की रकम का उपयोग पहले ही किया जा चुका है, जिससे 273 पात्र कैदियों को स्कीम का फायदा मिल रहा है।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने पात्र विचारणाधीन कैदियों और दोषसिद्धों की निर्मुक्ति की सिफारिश करने के लिए सभी जिलों में विचारणाधीन समीक्षा समितियों (यूटीआरसी) की स्थापना के लिए पहल की है। देश भर में यूटीआरसी द्वारा त्रैमासिक बैठकें आयोजित की जाती हैं। नालसा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों (एसएलएसए) को निधियां आबंटित करता है और एसएलएसए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों (डीएलएसए) और उच्च न्यायालय विधिक सेवा समितियों (एचसीएलएससी) को निधियां आबंटित करता है। नालसा डीएलएसए/एचसीएलएससी और निधियों के आबंटन और उपयोग के स्कीम-वार ब्यौरे नहीं रखता है।

**(घ) से** (**च**) **:** पिछले पांच वर्ष के दौरान यूटीआरसी द्वारा सिफारिश और निर्मुक्त किए गए विचारणाधीन कैदियों की संख्या निम्नानुसार है –

| वर्ष | जमानत/निर्मुक्ति के लिए सिफारिश किए गए यूटीपी/दोषसिद्धों की सं. | यूटीआरसी की सिफारिशों के अनुसार निर्मुक्त किए गए निवासियों की सं. |
|---|---|---|
| **2021** | 36,983 | 17,020 |
| **2022** | 70,780 | 35,480 |
| **2023** | 73,274 | 34,232 |
| **2024** | 53,594 | 25,982 |

| | | |
|---|---|---|
| **2025** | 40,434 | 22,523 |
| **कुल** | **2,75,065** | **1,35,237** |

जमानत सुधारों को परिचालित करने के लिए सरकार द्वारा कई पहलें की गई हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता **(**बीएनएसएस**)** की धारा 479 (1) उपबंध करता है कि **"**जहां कोई व्यक्ति**,** किसी विधि के अधीन किसी अपराध के लिए इस संहिता के अधीन (जो ऐसा अपराध नही है जिसके लिए उस विधि के अधीन मृत्यु दंड या आजीवन कारावास एक दंड के रुप में विनिर्दिष्ट किया गया है) अन्वेषण**,** जांच या विचारण की अवधि के दौरान कारावास की उस अधिकतम अवधि के**,** जो उस विधि के अधीन उस अपराध के लिए विनिर्दिष्ट की गई है**,** आधे से अधिक की अवधि के लिए निरोध भोग चुका है**,** वहां वह न्यायालय द्वारा जमानत पर छोड़ दिया जाएगा ।"

बीएनएसएस की धारा **479 (1)** के अधीन परंतुक प्रथम बार का अपराधी/विचाराणाधीन कैदियों को अतिरिक्त राहत का उपबंध करता है और यह उपबंध करता है कि "ऐसा व्यक्ति प्रथम बार का अपराधी है और (पूर्व में किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध नहीं किया गया हो) तो वह न्यायालय द्वारा बंधपत्र पर छोड़ दिया जाएगा**,** यदि वह उस विधि के अधीन ऐसे अपराध के लिए विनिर्दिष्ट कारावास की अधिकतम अवधि की एक-तिहाई विस्तारित अवधि तक निरोध में रह चुका है । इसके अतिरिक्त**,** अंतर-प्रचालनीय दांडिक न्याय प्रणाली **(**आईसीजेएस**)** के अधीन ई**-**कारागार पोर्टल के माध्यम से प्रौद्योगिकी आधारित चेतावनी सृजित की जाती हैं और विचारणाधीन कैदियों की समय पर निर्मुक्ति के लिए समुचित कार्रवाई करने के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजी जाती हैं।

***********

उपाबंध-क

**'विचाराधीन कैदियों और जल्द रिहाई के लिए उपाय' के संबंध में पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2398 जिसका उत्तर 13.02.2026 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।**

**31 दिसंबर, 2023 तक जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और प्रवर्ग-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | अनुसूचित जाति | एसटी | ओबीसी | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1089 | 1453 | 1908 | 1118 | 5568 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 9 | 124 | 48 | 7 | 188 |
| 3 | असम | 863 | 898 | 2434 | 3351 | 7546 |
| 4 | बिहार | 8549 | 1514 | 26411 | 10055 | 46529 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2100 | 3648 | 4025 | 1747 | 11520 |
| 6 | गोवा | 44 | 61 | 59 | 312 | 476 |
| 7 | गुजरात | 1409 | 1719 | 5353 | 3068 | 11549 |
| 8 | हरियाणा | 5868 | 1564 | 5920 | 5940 | 19292 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 537 | 35 | 161 | 1094 | 1827 |
| 10 | झारखंड | 2398 | 3765 | 5488 | 1933 | 13584 |
| 11 | कर्नाटक | 2627 | 1237 | 6888 | 971 | 11723 |
| 12 | केरल | 1115 | 428 | 3353 | 1168 | 6064 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 4385 | 4891 | 9279 | 4409 | 22964 |
| 14 | महाराष्ट्र$ | - | - | - | - | 32438 |
| 15 | मणिपुर | 15 | 142 | 104 | 155 | 416 |
| 16 | मेघालय | 102 | 643 | 48 | 88 | 881 |
| 17 | मिजोरम | 77 | 1168 | 1 | 1 | 1247 |
| 18 | नागालैंड | 25 | 318 | 58 | 31 | 432 |
| 19 | ओडिशा | 4374 | 3961 | 3982 | 2461 | 14778 |
| 20 | पंजाब | 7389 | 2134 | 3659 | 11321 | 24503 |
| 21 | राजस्थान | 3636 | 2767 | 7240 | 3620 | 17263 |
| 22 | सिक्किम | 30 | 36 | 89 | 16 | 171 |
| 23 | तमिलनाडु | 3887 | 308 | 7906 | 250 | 12351 |
| 24 | तेलंगाना | 831 | 501 | 1429 | 1038 | 3799 |
| 25 | त्रिपुरा | 144 | 185 | 87 | 431 | 847 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 20534 | 3489 | 31596 | 17872 | 73491 |
| 27 | उत्तराखंड | 1369 | 298 | 1284 | 1447 | 4398 |
| 28 | पश्चिमी बंगाल | 2437 | 840 | 2442 | 14575 | 20294 |
| 29 | अंदमान और निकोबार द्वीप | 0 | 4 | 17 | 147 | 168 |
| 30 | चंडीगढ़ | 267 | 2 | 168 | 281 | 718 |
| 31 | डीएनएच और दमण दीव | 22 | 16 | 37 | 59 | 134 |
| 32 | दिल्ली | 3838 | 383 | 5753 | 7860 | 17834 |
| 33 | जम्मू - कश्मीर | 165 | 432 | 187 | 3784 | 4568 |
| 34 | लद्दाख | 0 | 20 | 6 | 16 | 42 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 3 | 0 | 0 | 3 |
| 36 | पुडुचेरी | 57 | 0 | 245 | 2 | 304 |
| | **कुल** | **80192** | **38987** | **137665** | **100628** | **389910** |
| • राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा के अनुसार | | | $ महाराष्ट्र ने विवरण नहीं दिया। | | | |

*स्रोत: राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय द्वारा प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया 2023 रिपोर्ट।*

**उपाबंध-ख**

**'विचाराधीन कैदियों और जल्द रिहाई के लिए उपाय' के संबंध में पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2398 जिसका उत्तर 13.02.2026 को दिया जाना है के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।**

**31 दिसंबर, 2023 तक तीन वर्ष, तीन से पांच वर्ष और पांच वर्ष से अधिक की अवधि के लिए जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र प्रदेश-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र | 3 वर्ष तक | 3 से 5 वर्ष | 5 वर्ष से अधिक |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 5529 | 36 | 3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 171 | 14 | 3 |
| 3 | असम | 7263 | 136 | 147 |
| 4 | बिहार | 45035 | 1198 | 296 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 10975 | 501 | 44 |
| 6 | गोवा | 390 | 64 | 22 |
| 7 | गुजरात | 10219 | 866 | 464 |
| 8 | हरियाणा | 18098 | 778 | 416 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1645 | 125 | 57 |
| 10 | झारखंड | 12172 | 931 | 481 |
| 11 | कर्नाटक | 10867 | 630 | 226 |
| 12 | केरल | 6030 | 26 | 8 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 21792 | 1057 | 115 |
| 14 | महाराष्ट्र | 26402 | 3823 | 2213 |
| 15 | मणिपुर | 393 | 5 | 18 |
| 16 | मेघालय | 802 | 55 | 24 |
| 17 | मिजोरम | 1235 | 12 | 0 |
| 18 | नागालैंड | 409 | 11 | 12 |
| 19 | ओडिशा | 13480 | 884 | 414 |
| 20 | पंजाब | 23270 | 1050 | 183 |
| 21 | राजस्थान | 15523 | 1276 | 464 |
| 22 | सिक्किम | 167 | 4 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 12199 | 106 | 46 |
| 24 | तेलंगाना | 3769 | 21 | 9 |
| 25 | त्रिपुरा | 847 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 65378 | 5474 | 2639 |
| 27 | उत्तराखंड | 4099 | 251 | 48 |
| 28 | पश्चिमी बंगाल | 17128 | 1921 | 1245 |
| 29 | अंदमान और निकोबार द्वीप | 150 | 16 | 2 |
| 30 | चंडीगढ़ | 679 | 30 | 9 |
| 31 | डीएनएच और दमण दीव | 102 | 22 | 10 |
| 32 | दिल्ली | 16286 | 1051 | 497 |
| 33 | जम्मू - कश्मीर | 3667 | 626 | 275 |
| 34 | लद्दाख | 36 | 4 | 2 |
| 35 | लक्षद्वीप | 3 | 0 | 0 |
| 36 | पुडुचेरी | 302 | 2 | 0 |
| | **कुल** | **356512** | **23006** | **10392** |

*स्रोत: राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय द्वारा प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया 2023 रिपोर्ट।*

*************